हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026




**खबर संक्षेप**

### जिला पंचायत की साधारण सभा होगी 15 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक आगामी 15 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की प्रस्तुत जानकारी पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

# 14 को खरमास की बिदाई के साथ शुरू होगा शादी-ब्याह का सीजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वैवाहिक मुहूर्तों का इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुशखबरी यह है कि खरमास का समापन 14 अप्रैल को हो रहा है। इसके साथ ही 15 अप्रैल से लगातार वैवाहिक मुहूर्त है। अप्रैल माह में अक्षय तृतीया पर्व भी पड़ रहा है। इस मुहूर्त पर बड़ी संख्या में अंचल में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। बाजार में खरीदी के लिए लोगों की बेहतर उपस्थिति भी होने लगी है।

ज्ञात हो कि मार्च माह के 14 तारीख से खरमास प्रारंभ हो गया था। पंडितों के अनुसार जब सूर्य मीन राशि में प्रवेश करते हैं तो खरमास लग जाता है। इसे मानने वाले इस दौरान मांगलिक कार्य नहीं करते। खरमास का समापन 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ ही समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही मांगलिक कार्यक्रमों के लिए शुभ मुहूर्तों का क्रम शुरू हो जाएगा।

## बाजे-गाजे के साथ गूंजेगी शहनाइयां

### बढ़ने लगी चहल-पहल

आगामी मांगलिक मुहूर्तों के चलते बाजार में मांगलिक आयोजन से संबंधित दुकानें सज-धज कर तैयार है। वहीं लोगों ने खरीदी भी शुरू कर दी है। जिसके चलते बाजार में चहल-पहल बढ़ने लगी है। पगड़ी-साफा से लेकर कपड़े, मुकुट, ज्वेलरी, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक्स, श्रृंगार प्रसाधन संबंधी दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बनने लगी है। लगभग एक माह बाद पुनः अंचल में बाजा-गाजा, शादी-बारात और पार्टी का वातवरण बनेगा। जिससे लोगों में उत्साह का माहौल है।



### 15 से मुहूर्त शुरू, इसी माह अक्ती भी

पंचाग के मुताबिक अप्रैल माह में 15, 16, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29 व 30 तारीख को लगातार वैवाहिक मुहूर्त है। इस दौरान शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिनके यहां वैवाहिक कार्यक्रम होने है, उन्होंने तैयारियां भी शुरू कर दी है। निमंत्रण कार्ड से लेकर सार्वजनिक भवन, बाजे-गाजे, हलवाई, डेकोरेशन की अग्रिम बुकिंग करा ली गई है। ज्ञात हो कि इसी माह भगवान परशुराम प्रकटोत्सव भी है। इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। इस मुहूर्त को अतिशुभ मुहूर्त माना गया है। बड़ी संख्या में लोग इसी मुहूर्त पर वैवाहिक आयोजन करना पसंद करते हैं। लिहाजा अक्षय तृतीया अक्ती के अवसर पर बड़ी संख्या में मांगलिक आयोजन होंगे।

### आगामी माह भी मुहूर्तों भरा

पंचाग के अनुसार मई माह के 1, 3, 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14, जून माह में 19, 20, 21, 22, 24, 26, 27, 28, 29, जुलाई में 1, 2, 6, 7, 8, 11, नवंबर में 20, 21, 24, 25, 26, 30 एवं दिसंबर में 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 11, 12 तारीख को शुभ मांगलिक मुहूर्त है। 15 अप्रैल के बाद से लगातार वैवाहिक मुहूर्तों से लोगों में उत्साह बना हुआ है।

### अमृत मिशन योजना के बाद भी कुछ वार्ड में टैंकरों से जलापूर्ति

# टांकाघर से टोटीविहीन टैंकरों के जरिये सप्लाई, सड़क पर बह रहा आधा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बूंद-बूंद अमृत के समान है, जल ही जीवन है, कृपया पानी बचाएं। पानी टैंकरों के पीछे लिखा जाने वाला यह स्लोगन सिर्फ आम जनता के लिए होता है। नगर निगम भले ही अपनी व्यवस्था में सुधार न करते हुए लाखों लीटर पानी बहा दे, परवाह नहीं है। जलरूपी जीवन को किस तहर बर्बाद किया जा रहा है, यह यहां के पानी टैंकरों को देखकर समझा जा सकता है। शहर के टांकाघर से लेकर रास्तों में टैंकर से पानी बहता हुआ देखा जा सकता है।

नगर निगम द्वारा पेयजल समस्या से ग्रसित वार्डों में करोड़ों रुपए की अमृत मिशन योजना होने के बाद भी पानी टैंकर से जल आपूर्ति की जाती है, लेकिन इन टैंकरो के मेंटेनेंस को लेकर संबंधित मोटर प्रतिपालन विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के चलते टैंकर से पानी व्यर्थ बहता रहता है।



### मॉनिटरिंग नहीं होने से लापरवाही

भीषण गर्मी में पानी की आवश्यकता क्या होती है यह कड़ी धूप में पानी के लिए चक्काजाम करने वाले लोगों को देखकर समझ जा सकता है। इसके बावजूद पानी की बर्बादी रोकने के लिए स्वयं के टैंकरों पर निगम द्वारा कोई भी मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है। टैंकरों से व्यर्थ पानी बहने के अलावा स्थानीय टंकाघर में आने वाले टैंकरों को भरने के लिए पाईप लाइन के नीचे लगाया जाता है। इसके बाद संबंधित चालक वहां मौजूद नहीं होते हैं। अधिकांश टैंकर में पानी भरने के बाद दो-तीन मिनट तक बहता रहता है, जिस पर भी मॉनिटरिंग नहीं होती है। जबकि संबंधित टैंकर संचालक को पानी भरने तक वहां मौजूद रहना चाहिए।

### वार्डों तक नहीं पहुंचता है टैंकर

शहर के कई जगह से ऐसी शिकायत भी आ रही है कि वार्ड में पानी टैंकर भेज दिया गया है, कहा जाता है, लेकिन टैंकर वार्ड तक पहुंचता नहीं है। कागजों में टैंकर का अधिक फेरा दिखाया जाता है। कुछ वर्ष पहले पानी टैंकर की गड़बड़ियों को रोकने के लिए यहां पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे और पानी टैंकर निकलने की मॉनिटरिंग भी होती थी, लेकिन अब इस तरह की व्यवस्था पानी टैंकर को लेकर नजर नहीं आ रही है। आने वाले दिनों में भीषण गर्मी के चलते जलापूर्ति भी चुनौती होगी। ऐसे में निगम द्वारा संचालित टैंकरों को दुरुस्त करने की जरूरत दिखाई देती है।

### मरम्मत का अभाव

निगम द्वारा संचालित किए जा रहे पानी टैंकर में लगभग सभी टैंकरों के नल की टोटी टूटी हुई है या लीकेज है। टोटीविहिन नलों में जुगाड़ तकनीक का उपयोग करते प्लास्टिक की बोतल को लगाकर ढक्कन लगा दिया गया है। जिससे पानी का रिसाव लगातार बना रहता है। वहीं कुछ टैंकर में पाईप लाइन पुरानी होने की वजह से लीकेज नजर आ रहा है। ऐसे टैंकरो की मरम्मत नहीं किए जाने से पानी व्यर्थ बह रहा है।

# आईपीएल मैच पर दांव लगाना पड़ा भारी, पांच सट्टेबाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आईपीएल क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टा खेले जाने की सूचना पर पुलिस चौकन्नी है। ऐसे गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। मोहारा नाला के पास ऑनलाइन हाईटेक सट्टा खिलाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर पांच आरोपियों को पकड़ा। इससे पूर्व 7 आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की गई थी। पुलिस की लगातार कार्रवाई से सट्टा खेलने-खिलाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस के मुताबिक पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो की निगरानी में साइबर सेल एवं थाना बसंतपुर की संयुक्त टीम द्वारा आईपीएल क्रिकेट सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई।



### सट्टा-पट्टी सहित अन्य सामान जब्त

पुलिस ने मौके से 2 नग लैपटॉप, 1 नग टैब, 7 नग टच मोबाइल, 1 नग मोटर साइकिल, 3 नग चार्जर, नगदी रकम 1000 रुपए, सट्टा-पट्टी में दर्ज राशि लगभग 9,20,000 रुपए कुल जब्ती की अनुमानित कीमत लगभग 5,50,000 रुपए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने बताया कि आरोपी वीरू प्रजापति 24 वर्ष निवासी मोहारा, रूपेश पाण्डे 43 वर्ष निवासी प्रभातनगर, आयुष मेश्राम 24 वर्ष निवासी बंगालीचाल, मोहित देवांगन 23 वर्ष निवासी मोहारा, लक्की देवांगन उर्फ नरेन्द्र देवांगन 32 वर्ष निवासी मोहारा को पकड़कर कार्रवाई की गई। वहीं इस मामले में आरोपी मूलचंद देवांगन निवासी मोहारा, सादिक खान निवासी नागपुर महाराष्ट्र फरार है। जिनकी तलाश सरगर्मी से की जा रही है। इस कार्रवाई में बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक नरेश सार्वा, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, राजेश बंदेश्वर, आशीष मानिकपुरी, साइबर सेल से उप निरीक्षक नरेश बंजारे, आरक्षक मनीष वर्मा, जीवन ठाकुर, हरिश ठाकुर, धीरज डड़सेना, मोहन साहू की सराहनीय भूमिका रही।

### हाईटेक सट्टा रैकेट का खुलासा

पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि मोहारा (बजरंग नगर) नाला किनारे स्थित फार्महाउस में हाईटेक व्यवस्था के साथ ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि आरोपी मोबाइल, लैपटॉप एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक सांई ऐप" के जरिये हर बॉल और ओवर पर दांव लगवाया जा रहा था व कोड भाषा में सट्टा लेखन कर हिसाब-किताब रखा जा रहा था।

## गुमशुदा बालक को खोजकर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुमशुदा 15 वर्षीय बालक को पुलिस ने खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। जिससे बालक के माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान लौटी। उन्होंने इस कार्य के लिए पुलिस का आभार व्यक्त किया।

थाना सिटी कोतवाली को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डोंगरगांव निवासी एक बालक जो अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया था, लापता है। बालक के परिजनों की चिंता और मामले की संवेदनशीलता को देखते पुलिस टीम द्वारा तत्काल बालक की पतासाजी शुरू की गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते अलग-अलग दिशाओं में तलाश प्रारंभ की। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज एवं स्थानीय मुखबीरों की सहायता से अथक प्रयास करते गुमशुदा बालक को रेलवे स्टेशन राजनांदगांव के पास से सुरक्षित बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

### भावुक हुए माता-पिता

बालक के मिलने के पश्चात उसके पिता एवं माता निवासी डोंगरगांव को थाना बुलाकर आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण की गई। बालक को सकुशल पाकर माता-पिता भावुक हो गए और उन्होंने राजनांदगांव पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई हेतु सहृदय आभार व्यक्त किया।

## कमरे में लगी आग, लोगों की मदद से घटना टली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बसंतपुर वार्ड नंबर 43 के एक मकान में आज सुबह लगभग 10 बजे आगजनी हो गई। आसपास के लोगों की मदद से घर में लगी आग को बुझाया गया।

बसंतपुर क्षेत्र स्थित एक दो मंजिला मकान में आज सुबह अज्ञात कारणों से आग लगने का मामला सामने आया है। मकान की दूसरी मंजिल में एक कमरे से धुंआ उठता देख आसपास के लोग सकते में आ गए। वहीं छत पर मकान की खिड़की से देखा गया तो घर के भीतर एक कमरे में आग की लपटे उठ रही थी। पलंग पर गद्दे में आग लगी हुई थी और समीप ही रखा एक फाइबर का कूलर भी झुलस रहा था। आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया और फायर ब्रिगेड को मामले की सूचना दी गई। लोगों ने तत्परता दिखाते कमरे के समीप रखा गैस सिलेंडर भी बाहर निकाला। इधर सकरी गली होने के चलते फायर ब्रिगेड को पहुंचने में समय लग गया, तब तक लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था। आगजनी की सूचना मिलने पर पुलिस और पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री एवं युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुरभेज माखीजा भी मौके पर पहुंचे। बताया रहा है कि जिस मकान में आग लगी, वह पुलिस वाले का मकान है। आग किन कारणों से लगी इसकी जांच की जा रही है।



### जांच में जुटी पुलिस

आगजनी होने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। इसी दौरान भीड़ में से कुछ लोगों का कहना था कि आग लगाई गई है। बहरहाल आग लगी या लगाई गई, पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है।

### दमकल वाहन को हुई दिक्कत

मकान के कमरे से धुंआ उठता देख आसपास के लोगों द्वारा दमकल वाहन को सूचित किया गया। समय पर दमकल वाहन भी रवाना हुई, लेकिन सकरी गली के बीच मकान होने के चलते दमकल वाहन मौके तक नहीं पहुंच पाई। गली के बाहर वाहन खड़ी करके दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया।

### लोगों की त्वरित मदद से बुझी आग

जिस घर के दूसरी मंजिल के कमरे में आगजनी हुई थी, वह घनी बस्ती के बीच है। लोगों की सूझबूझ और मदद से समय पर आग बुझा लिया गया। जिसके चलते आग ज्यादा बढ़ नहीं पाई, नहीं तो आग के फैलने से भीषण आगजनी हो सकती थी।

## जांच के बाद हटाए गए घुमका के प्राधिकृत अधिकारी

■ नए प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीदी केंद्र में लाखों रुपए का अवैध धान डंप करने के मामले में प्रशासन ने घुमका के प्राधिकृत अधिकारी नोहेन्द्र सिन्हा को हटा दिया है। उनके स्थान पर सहकारिता विस्तार अधिकारी अनिता नन्दे को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि धान की सरकारी खरीदी के दौरान घुमका खरीदी केंद्र में लाखों रुपए का अवैध धान जब्त किया गया था। इस मामले में प्राधिकृत अधिकारी के खिलाफ प्रशासन ने जांच के आदेश जारी किए थे। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित घुमका पंजीयन क्रमांक 1145 के संचालक मंडल का कार्यकाल समाप्त होने पर सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत बीते 16 नवम्बर 2024 को गैर शासकीय व्यक्ति नोहेन्द्र सिन्हा को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था। वर्तमान प्राधिकृत अधिकारी नोहेन्द्र सिन्हा के विरूद्ध अवैध धान संग्रहण किए जाने की शिकायत की जांच कराई गई। जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन कहा गया कि नोहेन्द्र सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी कृषि उपज मंडी अपने नियुक्ति दिनांक को समिति के पंजीकृत व्यापारी हैं।

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 43 (ख) में कोई भी अशासकीय व्यक्ति इस उपधारा के अधीन रजिस्ट्रार


⏩ शेष पेज 12 पर


### श्रम न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला

# जीत की खुशी से झूम उठे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रमिकों को उनका अधिकार दिए बिना ही फैक्ट्री बंद किए जाने से बेरोजगार हुए श्रमिकों ने न्यायालय की शरण लेकर न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद एक फैसले ने इन मजदूरों के संघर्ष और उनके आंसुओं को खुशियों में बदल दिया।

दरअसल शहर के लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत मीन उलरॉक फाईबर लिमिटेड रीवागहन वर्ष 1990-91 में स्थापित हुआ। उक्त कारखाना में 256 श्रमिक को प्रबंधन द्वारा बिना छंठनी मुवाअजा दिए बगैर फैक्ट्री 22 फरवरी वर्ष 2016 को बंद कर दिया गया। श्रमिकों के वेतन ईपीएफ, ग्रेज्युटी, बोनस का भुगतान में प्रबंधन द्वारा उदासीनता बरती गई। जिसके बाद मीन उल मजदूर संघ द्वारा लगातार श्रम पदाधिकारी के समक्ष प्रबंधन के साथ बैठक की गई,


⏩ शेष पेज 12 पर




### जीत का जश्न

मजदूरों के हित में फैसला आते ही बड़ी संख्या में पहुंचे श्रमिक खुशी से झूमने लगे। उन्होंने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते न्याय की इस जीत का जश्न मनाया।

### श्रमिक एकता की जीत

इस ऐतिहासिक फैसले को लेकर अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी ने कहा कि यह जीत श्रमिकों की एकता की जीत है। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश अमित जिंदल ने इस ऐतिहासिक फैसले को सुनाया। अधिवक्ता ने बताया कि इस फैसले में प्रत्येक मजदूर को तीन-तीन लाख रुपए मुआवजा राशि देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में कुल 256 मजदूर हैं, जिन्हें उनका अधिकार मिलेगा। वहीं उन्होंने बताया कि उनके वकालत कार्यकाल में श्रम न्यायालय का ऐसा ऐतिहासिक फैसला पहली बार हुआ है।







## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस के महामंत्री बने चन्द्रेश



**घुमका।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिलाध्यक्ष विपिन यादव की अनुशंसा पर जनपद सदस्य और अधिवक्ता चन्द्रेश वर्मा को जिला महामंत्री बनाया गया है। वह 35 वर्षों से कांग्रेस में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे है। वह इससे पहले युवा कांग्रेस अध्यक्ष, तीन बार जनपद सदस्य, कांग्रेस में जिला संयुक्त महामंत्री सहित अन्य पदों पर रह चुके है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल है।

### जिपं अध्यक्ष ने फहराया भाजपा ध्वज



**छुरिया।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने भंडारपुर स्थित अपने निवास पर भाजपा का ध्वज फहराकर राष्ट्रसेवा, अंत्योदय और सुशासन का संकल्प दोहराया। इस दौरान हिरदेराम देवांगन, सीमा चंद्रवंशी, दशरथ चंद्रवंशी, दुर्योधन साहू, मुनबाई चंद्रवंशी, यशोदिया साहू, सविता साहू, यशोदा पटेल, रमेशर चंद्रवंशी, जयचंद चंद्रवंशी, कांशीराम चंद्रवंशी, जगदीश साहू, लोमेन पटेल, वीरू चंद्रवंशी, लोचन सहित अन्य उपस्थित थे।

### उत्कर्ष का नवोदय विद्यालय में चयन

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ की कक्षा 5वीं के छात्र उत्कर्षकुमार ठाकुर पिता



तोरणलाल ठाकुर का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआहै। चयनित विद्यार्थी ने अपनी सफलता का श्रेय कठोर श्रम, माता-पिता के आशीर्वाद, विद्यालय के श्रेष्ठ अध्ययन-अध्यापन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। विद्यार्थी को नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, समीर पोद्दार, नीरज कोटड़िया, कुंतल बाजपेयी, पुष्पा बाजपेयी, जिवेश द्विवेदी, जीराम सिन्हा ने बधाई दी है। यह जानकारी व्याख्याता डॉ लोकेश शर्मा ने दी।

### साधकों ने मनाया जन्मोत्सव



**डोंगरगढ़।** संत आशाराम बापू के 90 वें अवतरण दिवस के अवसर पर श्री योग वेदांत सेवा समिति ने लाल बहादुर नगर में बालमुकुंद साहू के आवास में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर आशारामायण पाठ, हरिनाम कीर्तन, सत्संग, ध्यान, सेवा, जप और दीप प्रज्ज्वलन कर साधकों ने जन्मोत्सव मनाया।

### महोबिया बने अधिवक्ता संघ के फिर अध्यक्ष



**छुईखदान।** अधिवक्ता संघ का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता रज्जू महोबिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को मात्र एक वोट के अंतर से हराकर अध्यक्ष पद हासिल किया। गौरतलब है कि श्री महोबिया पूर्व में भी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर नगरवासियों एवं मित्रों में हर्ष का माहौल है। अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर रज्जू महोबिया, उपाध्यक्ष नंदकुमार चंदेल तथा उपाध्यक्ष महिला पद पर सुश्री प्रतिमा महोबिया तथा सचिव सौरभ श्रीवास्तव निर्वाचित हुए। चुनाव अरविंद शर्मा एवं गजेंद्र ठाकरे ने संपन्न कराया।

---

### कांग्रेस के पहले सम्मेलन में पदाधिकारियों का सम्मान

# चुनौतियों से लड़ने और जीत के लिए काम करने का संकल्प

## पहले सम्मेलन में शामिल हुए जिलेभर के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी के गठन बाद पहला बड़ा आयोजन 5 अप्रैल को टिकरीपारा स्थित मंगल भवन में आयोजित किया गया। प्रथम अधिवेशन में जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों का वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया और संगठन को मजबूत बनाने का संदेश दिया। इस मौके पर केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि नवगठित जिला कांग्रेस कमेटी सतत प्रयास कर कांग्रेस की नीति और विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान को तेज करने पर जोर दिया। श्री खान ने कार्यकर्ताओं की टीम देखकर कहा कि यह टीम कोमल साहू के साथ हाथ में हाथ मिलाकर काम करेगी।



#### कांग्रेस की मजबूती के लिए करेंगे काम

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि उन्हें एक ऊर्जावान टीम मिली है और सभी पदाधिकारी मिलकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि जो पदाधिकारी लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहेंगा उसे पद से हटा दिया जाएगा।

#### पदाधिकारियों में जीत की क्षमता

नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास ने कहा कि नव नियुक्त पदाधिकारियों में जीत दिलाने की क्षमता है और वह हर चुनौती का सामना कर सफल होंगे। पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने पदाधिकारियों से पार्टी के प्रति समर्पित रहने की बात कही। मयूरी सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर मिली जिम्मेदारी पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

#### कार्यकर्ता रहे उपस्थित

इस अवसर पर कोमल साहू, गजेंद्र ठाकरे, गिरिराज किशोर दास, मयूरी सिंह, गुलाब चोपड़ा, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, चंद्रेश, संदीप सिरमौर, गिरवर, तेजराम वर्मा, शत्रुघ्न चंदेल, भीखमचंद छाजेड़, आकाशदीप सिंह, सुदीप श्रीवास्तव, मनोज चौबे, विजय वर्मा, रिंकू गुप्ता, डॉ. सरजू वर्मा, अशोक साहू, देवेंद्र साहू, भीखम सिन्हा, मनीष कोचर, दीपक वैष्णव, कमलेश यादव, संजू नेताम, अनुसुईया नागपुरे, द्रोपती वर्मा, मीरा चोपड़ा सहित जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# चोरी की मोटर साइकिल के पाट्‌र्स बेचते 4 पकड़ाए

## खड़गांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन, एएसपी डीसी पटेल, एसडीओपी विनोद मिंज के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी संजय यादव के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गत 4 अप्रैल को रमेश कुमार मांझी ने उसके डेढ साला मृतक सुबेसिंह की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एएम 9901 के चोरी होने की रिपोर्ट लिखाया था।

मुखबीर से सूचना मिली कि शेरपार के कुछ लोग मोटर सायकल के पाट्‌र्स बेचने घुम रहे हैं। संदेही निखिल भुआर्य, अजय कुमार, गुलशन बघेल, सोनू उर्फ मुकुल विश्वकर्मा निवासी नयापारा शेरपार से पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को शादी कार्यक्रम में रानाटोला जा रहे थे। बिटेझर डोगरी मोड के पास मोटर सायकल देखा तो निखिल और अजय ने बेचने की नियत से चोरी कर जंगल के गढ्ढा मे छिपा दिया।

### जंगल में खड़ी थी मोटर साइकिल

गत एक अप्रैल को निखिल, अजय, गुलशन मोटर सायकल को लुड़काते हुए शेरपार लाए और मिस्त्री मुकुल को बोले कि मोटर सायकल को बेचना हैं किन्तु पकड़े जाने के डर मिस्त्री मुकुल विश्वकर्मा से मोटर सायकल के पाट्‌र्स को अलग अलग करवाया और बेचने की फिराक में घुम रहे थे। निखिल भुआर्य के बयान के आधार पर आरापियों से मोटर सायकल के कलपुर्जे अलग अलग बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी निखिल भुआर्य, अजय कुमार, गुलशन बघेल, मुकुल विश्वकर्मा के विरूद्ध धारा 303 (2),), 238, 3 (5) के तहत जुर्म पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया।

---

# परम पिता को पाने धर्म की राह पर चले

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

परमपिता की कृपा चाहते हो तो उत्तम धर्म के मार्ग पर चलना होगा परन्तु आप मन के



वशीभूत होकर केवल अपनी रूचि के अनुसार चलते है तो यह निश्चित है कि मन आपको लक्ष्य से भटका देगा। यह उदगार ग्राम खुडमुडी में जंघेल परिवार द्वारा आयोजित मद भागवत पुराण कथा के चौथे दिन ध्रुव चरित्र कथा का वाचन करते हुए राजपुरोहित आचार्य पं विपिन प्रसाद तिवारी ने व्यक्त किए। उन्होंने कथा की मूल आधार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजा उत्तानपात की बड़ी पत्नी सुनिति रही जिससे ध्रुव नामक पुत्र हुआ और द्वितीय पत्नी सुरूचि से उत्तम नामक पुत्र हुआ था। ध्रुव अपने पिता की गोद पर बैठ गया तो दूसरी पत्नी ने उसे दुत्कार कर दूर कर दिया, तब बच्चे ने मां से प्रश्न किया था मुझे पिता की गोद में बैठने का अवसर कब मिलेगा तब सुनिति ने कहा कि तुम्हे अपने पिता ही नही परमपिता की गोद मिल सकती है लेकिन उनकी कृपा पाने के लिए तपस्या करना होगा। भक्त ध्रुव ने गुरू के सान्निध्य में तप किया। प्रभु के दर्शन देने के साथ गोद में बैठाकर वरदान दिया कि सबसे ऊंचा तुम्हारा स्थान होगा।

उन्होंने कहा कि कथा बताती है कि जीवन में कितने भी विपरित हालात क्यों न हो हमे प्रभु का जप करते रहना चाहिए। समय आने पर प्रभु कृपा मिलकर रहेगी। आयोजन में प्रतिदिन सैकडों श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

---

# महावीर सरोवर में स्वच्छता अभियान



**डोंगरगढ़।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्थानीय महावीर सरोवर एवं परिसर की सफाई की गई। इस दौरान लोगों से स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा स्वच्छता कमांडो आदि शामिल हुए। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सांसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल और पार्शद रेखा रार्घोते के नेतृत्व में आयोजित अभियान में शहर भाजपा अध्यक्ष जस्मित सिंग बन्नोआना, विनय बंसल, बिरेन्द्र सोनी, बबिता मालागार लक्ष्मी यादव, वत्सला श्रीवास्तव, अनिता इंदुलकर, अल्का सहारे, सविता दरगढ़, डिकेश राव, पप्पु नामदेव, हरीश मोटघरे, विनोद करसे, सुधीर बघेल, घनश्याम साहू, कमल करसे, राजू होरी समुंद्रे, उमाशंकर ध्रुवे, संतोष समुंद्रे सहित अन्य शामिल हुए।



### कांग्रेस अध्यक्ष से सौजन्य भेंट

**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने रविवार को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट के दौरान श्री बैज ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जनहित के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने पर जोर दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष विपिन यादव, कोषाध्यक्ष सुयश नाहटा, जिला उपाध्यक्ष धीरज मेश्राम, गोविंद टंडन, मन्ना यादव, जितेंद्रसिंह भाटिया, केशव यादव, रमा वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, महामंत्री पंकज बांधव, राहुल तिवारी, रितेश जैन, चुम्मन साहू, रवि साहू, राजू राजपूत, शिशुपाल भारती, चंद्रेश वर्मा, जिला सचिव सीमा यादव, संध्या साहू, मतीन खान आदि मौजूद थे।

---

# शिविर में 61 लोगों ने किया रक्तदान विधायक ने की 6.50 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



निकटवर्ती ग्राम झींका में हर्षोल्लास के साथ भक्त माता कर्मा की जयंती मनाया गया। इसी दिन आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 61 लोगो ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को विधायक दलेश्वर साहू सहित अन्य अतिथियों ने हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिपं सदस्य विभा साहू, जयश्री साहू, तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, नीरा साहू, हेमंत साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, ममता पटेल, डेरहीन साहू, पूनम साहू, चित्ररेखा साहू, पीडी साहू, मूलचंद साहू, सीएल हिरवानी आदि शामिल हुए। विधायक साहू ने कहा कि सामाजिक व्यवस्था है इसलिए हम और हमारे बच्चे सुरक्षित है, सामाजिक बदलाव एक चुनौती है पर असंभव नही। पूर्व महामंत्री श्री साहू ने सामाजिक कुरीति को दूर करने तथा नशापान से समाज को दूर रखने का आव्हान किया।

### देहदानियों का सम्मान

जयंती के मौके पर सामाजिकजनों ने भव्य शोभा यात्रा निकालकर गली भ्रमण किया। कार्यक्रम में देहदान करने वालो का सम्मान किया गया। इस दौरान धर्मेन्द्र साहू, महेश साहू, लीलाधर साहू, सावित्रीबाई साहू, रिखीराम साहू, इंदु साहू, गोपाल साहू, विप्लवदास साहू, देवंत साहू, मनोज साहू, अशोक साहू, भेलस साहू, रूपचंद साहू, मदन साहू आदि मौजूद थे। संचालन नरेंद्र साहू तथा आभार प्रदर्शन महेश साहू ने किया।

---

# पालिका में फर्जी बिल बनाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

▪ पालिका की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधा के नाम पालिका द्वारा फर्जी बिल बना कर राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। मेला ग्राउंड से स्टेशन मार्ग, छिरपानी मार्ग की सफाई, मैदान समतलीकरण, दुकान आबंटन, पेयजल, निस्तार और दवाई छिड़काव जैसे अन्य कार्यों के नाम पर बिल बनाकर राशि आहरण करने की तैयारी है। इसी प्रकार अस्थाई कर्मचारियों की फर्जी हाजरी भरकर राशि आहरण करने तैयारी है।

#### आवास का उपयोग नहीं

बताया जाता है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी आवास आबंटन के बाद भी बाहर से आना जाना कर रहे है। वहीं इंजीनियर बिना मौका मुआयना करे निर्माण कार्य का मूल्यांकन कर रही रही है जिसके भुगतान पर सवाल उठ रहे हैं।

---

# गंडई में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**गंडई पंडरिया।** महिलाओं में होने वाले रोगों से बचाव और स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार थी। टीकाकरण अभियान की शुरुआत करते हुए श्रीमती ताम्रकार ने कहा कि यह टीका बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए सुरक्षा कवच है। वर्तमान में महिलाओं में गर्भाशय के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जिसे समय पर टीकाकरण के माध्यम से रोका जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर टीका लगवाने की अपील की।



### गंभीर रोगों से होगा बचाव

डॉ प्रशांत सोनी ने बताया कि यह टीका 14 वर्ष की बालिकाओं को लगाया जा रहा है जिससे गर्भाशय के कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव होगा। यह टीकाकरण अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से जारी रहेगा। इस दौरान स्वाथ्य की टीम उपस्थित थी।

---

### जन्मोत्सव पर विविध आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव के साथ धर्म यात्रा के पुनः खुले द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

संयुक्त धर्म यात्रा के शतकीय पडाव के लगभग दो बरस के बाद हनुमान जन्मोत्सव के साथ ही यात्रा अपने अगले पडाव की तैयारी शुरू हो गई है।

जय जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान के सदस्यो ने संगठन की विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियो को पुनर्जीवित करने की दिशा में सार्थक पहल करते हुए इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव को योजनाबद्ध रूप से मनाया। श्री राम मानस मंडली साजा के साधक संतों की ओर से हृदयस्पर्शी भजनों के साथ सुंदरकांड, हनुमान चालीसा,आरती किया गया।

जन्मोत्सव के आयोजन में नगर के नागरिको ने सहयोग दिया वहीं श्रीराम गौ सेवा समिति, गौ सेवा सम्मान समिति, आदर्श महिला मानस मंडली, योग समिति, जगन्नाथ मंदिर समिति ने सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाया। समिति के सदस्यों व अन्य के सहयोग से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया।



#### सहयोगियों का सम्मान

सेवा समिति ने आयोजन के दौरान सर्वकालिक सहयोगी राजा गिरिराज किशोर, अधिवक्ता श्री मंडावी और सर्वाधिक 34 लोगो को रक्तदान कर जीवन देने वाले पूर्व पार्षद आलोक यादव को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल सांखला, पार्तिका महोबिया, जी वैष्णव, अनुभा जैन, अधिवक्ता उमाकांत महोबिया, मुकेश वैष्णव, अधिवक्ता रज्जू महोबिया, प्रमोद महोबिया, अज्जू जैन, नितेश बक्शीख जय जगन्नाथ सेवा समिति, जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# सड़क निर्माण में लापरवाही



**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग ने हाल में ढारा से डोंगरगढ़ तक 14 किमी सड़क का डामरीकरण कराया है। विभागीय अधिकारी और ठेकेदार की मिली भगत से स्टीमेट को दरकिनार कर निर्माण कराने का आरोप लगा है। आधी से ज्यादा अच्छी सडक होने के बाद भी पूरी सड़क का डामरीकरण करवाकर राशि का दुरूपयोग किया गया। पूर्ण के बाद सडक के दोनो ओर मुरूम डालकर फिलिंग किया जा रहा है किंतु ठेकेदार आजुबाजु में मुरूम से फिलिंग करने के बजाय फैला कर छोड रहा है। सड़क किनारे बसे दुकानदार और लोग खुद मेहनत कर मुरूम को व्यवस्थित कर रहे है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 9 को कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार

**राजनांदगांव।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी व सूचारू क्रियान्वयन हेतु निर्धारित मानदेय पर एक वर्ष की अवधि के लिए जिला स्तर पर जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम) तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम) पद लिए दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात मेरिट सूची तैयार तथा प्रावधान अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है। जिसका अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है। जिला स्तरीय समन्वयक एवं एमआईएस सहायक पद के लिए 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में कम्प्यूटर टेस्ट (कौशल परीक्षा) का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार हेतु सूची में दर्शित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### प्रतिदिन केन्द्रों में भी लगाया जाएगा एचपीवी वैक्सीन



**राजनांदगांव।** एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बचाव के लिए जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में प्रतिदिन एचपीवी वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले के सभी सामुदायिक केन्द्रों में भी एचपीवी टीकाकरण प्रारंभ कर दिया गया है। जिले में अब तक कुल 64 हितग्राहियों को एचपीवी वैक्सीन लगाया गया है। यह टीका एचपीवी संक्रमण के कारण होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने काफी प्रभावशील है। देश में 14 वर्ष की लड़कियों, जिन्होंने अपना 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है, ऐसे सभी बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बचाव के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है। वैक्सीन के किसी भी प्रकार का कोई दुष्परिणाम नहीं है। वैक्सीन हेतु चिकित्सकों की निगरानी पर केवल 30 मिनट बैठना होता है। हितग्राही युवीन के माध्यम से भी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके साथ ही आधार कार्ड के साथ जिला चिकित्सालय में उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने सभी अभिभावक से अपने बच्चों को जिला चिकित्सालय में कार्य दिवस पर उपस्थित होकर निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगवाने की अपील की है।

### परीक्षा के बेहतर संचालन को लेकर दिए दिशा निर्देश

# बारहवीं की हिन्दी परीक्षा दुबारा केन्द्राध्यक्षों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अपरिहार्य कारणों से रद्द बारहवीं कक्षा के हिंदी विषय के दुबारा परीक्षा की तैयारियों और संचालन को लेकर पपु बक्शी सेजेस में केन्द्राध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया गया। गौरतलब है कि बारहवीं बोर्ड के हिन्दी विषय का पेपर रद्द होने के बाद जिला शिक्षा विभाग 10 अप्रैल को फिर से आयोजित होने वाले परीक्षा की तैयारी में जुट गया है। इसी कड़ी में केन्द्राध्यक्षों को डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेणुका रात्रे, डीईओ मुकुल केपी साव, समन्वयक केन्द्र प्राचार्य अनुराग सिंह की उपस्थिति मे प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा के बेहतर संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया और कहा परीक्षा पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ सम्पन्न कराई जाए। मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास्तव और रविन्द्र कुमार चावड़ा ने उपस्थित जिले के 40 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों को प्रश्नपत्र वितरण, वन टाइम लॉक टिन पेटी, उत्तर पुस्तिका संधारण, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, गोपनीयता बनाए रखने व परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक जानकारी दी साथ ही परीक्षा केन्द्रों में समय पालन, सुरक्षा व्यवस्था तथा नकल रोकने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। बारहवीं के हिन्दी विषय की परीक्षा में जिले के कुल 4061 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 10 अप्रैल को सुबह 09 बजे से आयोजित की जाएगी।



#### निर्धारित समय में मूल्यांकन कार्य पूरा

छग माशिम की हाई/हायर सेकेण्डरी परीक्षा 26 की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन केन्द्र पीएम श्री डॉ पपुब सेजेस में हुआ। मंडल द्वारा प्रथम चरण में हाई स्कूल में लगभग 38 हजार 813 और हायर सेकंडरी में 16 हजार 624 उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के लिए भेजी गई थी जबकि द्वितीय चरण में हाई स्कूल की 7 हजार 744 व हायर सेकंडरी की 8 हजार 313 उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन कार्य के लिए मिली थी। जिसमें खैरागढ़ व छुईखदान ब्लॉक से हाई/हायर सेकंडरी स्कूलों के लगभग 250 से 300 व्याख्याता प्रतिदिन मूल्यांकन कार्य के लिए उपस्थित हो रहे थे। मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की मूल्यांकन कार्य 5 अप्रैल को मंडल द्वारा तय समय से पूर्व कड़ी सुरक्षा व गोपनीयता के साथ पूरा कर लिया गया है।

# जनदर्शन : आवेदनों का किया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जा रहा है। जिससे आवेदकों को समयबद्ध तरीके से राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोमनी के बुधराम पटेल एवं अन्य श्रमिकों द्वारा लंबित मजदूरी भुगतान दिलाने के संबंध में साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन किया था। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते श्रमिकों को मजदूरी भुगतान दिलाने के निर्देश दिए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर जनपद पंचायत राजनांदगांव द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई की गई और श्रमिकों को कुल 25056 रुपए का भुगतान बैंक खातों के माध्यम से किया गया। जिसमें बुधराम पटेल को 9 हजार 657 रुपए, टकेश्वरी बंजारे को 9 हजार 657 रुपए एवं योगेश्वरी पटेल को 9 हजार 657 रुपए मजदूरी भुगतान किया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय और समाधान मिल सके।

### जिले के 7 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर चयनित

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 7 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का चयन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र हेतु किया गया है। चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में राजनांदगांव विकासखंड के सहसपुर दल्ली, पनिया एवं रेंगाकठेरा, छुरिया विकासखंड के आमगांव, हालेकोसा एवं भेजराटोला तथा डोंगरगांव विकासखंड के कम्हेरा शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के तहत शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कुल 42 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। जबकि 83 स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा तैयारी पूर्ण कर प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इनमें से 24 स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया जा चुका है।

# हाईरिस्क वाली गर्भवती माताओं की निःशुल्क सोनोग्राफी एवं उपचार

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल एवं आवश्यक स्वास्थ्य सलाह के लिए प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन या ऊंचाई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या अन्य बीमारियों से ग्रसित गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है।



#### 28 महिलाओं का सोनोग्राफी

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर उन्हें प्रत्येक सप्ताह दूरभाष के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं सलाह दी जा रही है। प्रसव के 15 दिन पूर्व गर्भवती माताओं के घर प्रतिदिवस मितानिनों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि वर्तमान में 1629 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं में 1493 का प्रथम सोनोग्राफी तथा 1144 महिलाओं का द्वितीय बार सोनोग्राफी एवं विगत सप्ताह कुल 28 महिलाओं का सोनोग्राफी किया गया है।

# बैठक में सशक्तिकरण को लेकर तय हुई रणनीति




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अखिल भारतीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की बैठक लोनिवि रेस्ट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह के नेतृत्व में हुई।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह गहरवार सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय वीरांगना महिलाएं उपस्थित रहीं। बैठक का फोकस समाज के मूल उद्देश्यों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने पर रहा। इस दौरान संगठन की महिलाओं ने एकमत होकर समाज में शिक्षा का प्रसार महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन व क्षत्रिय संस्कृति, परंपराओं के संरक्षण को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

साथ ही आगामी महाराणा प्रताप जयंती को भव्य और प्रेरणादायक रूप में मनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की। वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन केवल उत्सव नहीं बल्कि समाज को एकजुट करने और नई पीढ़ी में प्रेरणा जगाने का माध्यम बनेगा। बैठक में महिलाओं से संगठन से अधिकाधिक जुड़कर समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

#### शताक्षी बनी इकाई अध्यक्ष

बीते दिनों सामाजिक समरसता व महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए खैरागढ़ राजपरिवार की क्षत्राणियों द्वारा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की स्थानीय इकाई का विधिवत गठन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह गहरवार की उपस्थिति व मार्गदर्शन में पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमे राजकुमारी शताक्षी सिंह को अध्यक्ष, मयूरी सिंह को संरक्षक, प्रियंका सिंह, अर्चना सिंह को उपाध्यक्ष, दीपाली सिंह, शिप्रा सिंह को सचिव, पूनम सिंह, स्वेता सिंह को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। मीडिया प्रभारी के रूप में शिखा सिंह, नीलिमा सिंह को जिम्मेदारी दी गई है जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में ममता सिंह, आयुषी सिंह, रोमा सिंह, श्रृंखला सिंह, किरण सिंह, रुपाली सिंह, अनिता सिंह, हेमलता सिंह, मंजु सिंह, विधा सिंह, खुशबू सिंह, आरती सिंह, स्वाति सिंह, भावना सिंह, मधुलिका सिंह, जया सिंह, पूजा सिंह, मेघा सिंह, आर्या सिंह, नीलू सिंह, दीपिका सिंह, रोशनी सिंह, ज्योति सिंह, कनिष्का सिंह व नेहा सिंह को शामिल किया गया। सभी पदाधिकारियों ने समाज में एकता, संस्कृति संरक्षण एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संगठित रूप से कार्य करने का संकल्प जय राजपुताना के जयघोष साथ लिया।

# कलेक्टर ने सुकुलदैहान में राजस्व पखवाड़ा शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सोमवार को ग्राम सुकुलदैहान में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, नक्शा सुधार, ऋण पुस्तिका सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली और उनके समय-सीमा में तथा प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को उनके निवास के समीप ही सरल, त्वरित एवं पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।



#### आवेदन एवं प्रकरण पर गंभीरता से कार्रवाई करें

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन एवं प्रकरण पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए तथा निराकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। कलेक्टर ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लेने तथा आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखने प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान शिविर में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष प्रकरणों का नियमानुसार एवं निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन तथा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कृषकों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजना के तहत ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के कृषकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 21 से 27 मार्च तक शासकीय उद्यानिकी रोपणी केतकीटोला अंबागढ़ चौकी में सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के लिए चयनित 25 कृषकों को मधुमक्खी पालन से संबंधित से जानकारी प्रदर्शन के माध्यम से दी गई।

कार्यक्रम में मोहन साहू, हितेश साहू एवं प्रगतिशील कृषक मोहम्मद जाहिद द्वारा मधुमक्खी पालन में अपने अनुभव साझा किए और प्रायोगिक प्रशिक्षण कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कृषकों को मधुमक्खी पालन हेतु विभिन्न सामग्री एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।




#### विभिन्न विषयों पर दी गई जानकारी

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. नूतन रामटेके, अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे एवं कार्यक्रम समन्वयक जितेन्द्र मेश्राम द्वारा मधुमक्खी पालन हेतु विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कृषकों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर के मधुमक्खी पालन इकाई एवं अन्य इकाइयों का भ्रमण कराया गया। कृषि महाविद्यालय रायपुर के कीट विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली ने मधुमक्खी पालन के जीवन चक्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गौतम राय तथा केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रेमशंकर तिवारी ने मधुमक्खी पालन के विभिन्न विषयों से अवगत कराया।

### चाफ कटर के उपयोग से बढ़ा दुग्ध उत्पादन, आर्थिक स्थिति में सुधार

# कृषि विभाग की योजना से बदली गंगाराम की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कृषि विभाग की योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन का लाभ लेकर जिले के कृषक गंगाराम ने खेती और पशुपालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जीराटोला निवासी गंगाराम के पास लगभग 5 एकड़ कृषि भूमि है और पशुपालन भी उनकी आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। वर्तमान में उनके पास 15 गाय और 2 भैंस हैं, जिनके माध्यम से वह दूध उत्पादन कर परिवार की आजीविका चलाते हैं।

पहले पशुओं के लिए पर्याप्त और पौष्टिक चारे की व्यवस्था नहीं हो पाती थी। पशुओं को मुख्य रूप से पैरा, भूसी जैसे पारंपरिक चारे पर ही निर्भर रहना पड़ता था, जिससे दूध उत्पादन अपेक्षाकृत कम होता था। पशुपालन से आय सीमित थी। इसी बीच वर्ष 2024-25 में कृषक ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रमों में भाग लिया जिससे उन्हें खेती और पशुपालन की आधुनिक तकनीकों, उन्नत चारा प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने की जानकारी प्राप्त हुई।

#### दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

कृषि विभाग की रैनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना अंतर्गत उन्हें चाफ कटर मशीन उपलब्ध कराई गई। इस मशीन के माध्यम से उन्होंने अपने खेत में हरा चारा उगाना शुरू किया और उसे चाफ कटर से काटकर पशुओं को खिलाना प्रारंभ किया। हरे चारे को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर खिलाने से पशुओं को संतुलित और पौष्टिक आहार मिलने लगा, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ और दुग्ध उत्पादन में भी स्पष्ट वृद्धि देखने को मिली।



#### आया बदलाव

कृषक का कहना है कि कृषि विभाग के मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और योजनाओं का लाभ मिलने से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। आज वे आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर खेती और पशुपालन को बेहतर ढंग से संचालित कर रहे हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अन्य किसानों से भी विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

#### प्रशिक्षण से मिला लाभ

इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नई कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन, उन्नत बीजों के उपयोग और कृषि कार्यों के बेहतर तरीकों की जानकारी दी गई। इन तकनीकों को अपनाने से फसलों का उत्पादन बढ़ा और खेती अधिक लाभकारी बनने लगी। खेती और पशुपालन दोनों क्षेत्रों में सुधार होने से कृषक की आय में वृद्धि हुई और उनकी आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर हुई है।

# भाजपा स्थापना दिवस : स्वच्छता अभियान और शरबत वितरण

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज नगर निगम राजनांदगांव के वार्ड क्र. 45 में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यक मोर्चा एवं अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रवासियों के लिए शरबत वितरण का आयोजन भी किया गया।

भीषण गर्मी को देखते बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर वार्ड पार्षद दुरेंद्र साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव सेवा, समर्पण और संगठन के सिद्धांतों पर कार्य करती रही है। स्थापना दिवस के अवसर पर किए गए ऐसे सेवा कार्य समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाते हैं।



#### कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

कार्यक्रम में उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह, पार्षद सेवक उइके, प्रमोद साहू, धनेश्वर मानिकपुरी, प्रखर श्रीवास्तव, उज्जवल कसेर, अशोक सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

## सार समाचार

### मोतीपुर में प्याऊ घर सेवा का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा राजनांदगांव शहर के आजाद चौक मोतीपुर स्थित हनुमान मंदिर एवं ढाबा रोड स्थित भोलेनाथ मंदिर में प्याऊ घर सेवा का शुभारंभ किया गया। प्याऊ घर सेवा के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता एवं समाजसेवी शिव वर्मा द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा मटकों पर राम नाम अंकित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल दान को सर्वोत्तम दान माना गया है। भीषण गर्मी के समय राहगीरों, जरूरतमंदों एवं आमजन को शीतल जल उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है।




उन्होंने मटके के पानी के महत्व को बताते कहा कि यह प्राकृतिक रूप से शीतल, स्वास्थ्यवर्धक एवं पर्यावरण के अनुकूल होता है। जबकि बोतलबंद, पाउच एवं फ्रिज का अत्याधिक ठंडा पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। समाजसेवी शिव वर्मा ने कहा कि प्याऊ घर सेवा न केवल राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराती है, बल्कि मानवता की भावना को भी सुदृढ़ करती है। इसके माध्यम से समाज में सहयोग और सेवा के संस्कार विकसित होते हैं। संस्थान के सदस्य धर्मराज यादव ने बताया कि प्याऊ घर सेवा के लिए शिव शक्ति धर्मार्थ सार्वजनिक सेवा समिति चिखली द्वारा निःशुल्क मटकों की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में जीआर देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, पुरूषोत्तम देवांगन सहित शिक्षा संस्कार पाठशाला के बच्चे एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

### भवन निर्माण के लिए लाखों की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक आदर्श कन्या शाला के भवन निर्माण हेतु 121.16 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह विद्यालय बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ बनाने हेतु जिले का एक पुराना एवं महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान है। नवीन भवन निर्माण से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। लोक निर्माण विभाग संभाग राजनांदगांव द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर भवन निर्माण कार्य हेतु कार्यादेश जारी कर दिया गया है। निर्माण स्थल पर स्थित अत्यंत पुराने एवं जर्जर आवासीय भवन, जो कर्मचारियों के निवास के लिए अनुपयुक्त हो चुके थे, को वर्तमान में डिस्मेंटल किया जा रहा है। जर्जर भवनों के हटने के पश्चात शीघ्र ही नवीन स्कूल भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

### अमितेश को मिली पीएचडी उपाधि

**राजनांदगांव।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय भिलाई (छत्तीसगढ़) ने डोंगरगांव तहसील के ग्राम रूदगांव निवासी, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक अमितेश सोनकर को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के प्रतिमान चंदूलाल चंद्राकरः एक अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। अमितेश सोनकर ने यह शोध कार्य सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार के निर्देशन में किया। विषय विशेषज्ञ बाह्य परीक्षा के रूप में एसोसिएशन प्रोफेसर, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से डॉ. धीरज शुक्ला उपस्थित रहे। कि शोध कार्य छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर चंदूलाल चंद्राकर के नाम से पत्रकारिता पुरस्कार दिया जाता है। श्री चंद्राकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने समाज एवं राज्य के नाम का परचम फहराने वाले निर्भीक, साहित्यिक एवं सामाजिक पत्रकार के रुप में जाने जाते हैं। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय डॉ. अमितेश ने अपने शोध निर्देशक डॉ. संजीव कुमार, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनेश जोशी, अपने माता, पिता सहित परिजनों को दिया।




## पृष्ठ 09 के शेष

### जांच के बाद...

द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत किए जाने हेतु पात्र नहीं रहेंगे। नोहेन्द्र सिन्हा समकक्ष व्यापार करने के कारण प्राधिकृत अधिकारी बनने हेतु अयोग्य थे। जांच प्रतिवेदन में कहा गया कि जिसके चलते समिति के संचालन हेतु शासकीय व्यक्ति को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया जाना आवश्यक हो गया है, जिस पर एनएल टण्डन उप आयुक्त सहकारिता द्वारा आदेश में संशोधन करते हुए अनिता नन्दे, सहकारिता विस्तार अधिकारी डोंगरगढ़ को सेवा सहकारी समिति मर्यादित घुमका पंजीयन क्रमांक 1145 की प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जीत की खुशी से...

पर हल नहीं निकलने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत प्रकरण समझौता असफल होने के कारण श्रम आयुक्त रायपुर को प्रेषित किया गया। इसके बाद विवाद के निराकरण हेतु रिफरेंस प्रकरण औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत श्रम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष विचारण हेतु प्रकरण वर्ष 2019 में प्रेषित किया गया। मिल उल मजदूर संघ की ओर से अधिवक्ता गजेन्द्र बख्शी द्वारा पैरवी की।

श्रम न्यायालय के समक्ष विचारण प्रारंभ हुआ। दोनों पक्षों की जिरह के पश्चात विगत 07 वर्षों के विचारण के पश्चात 20 फरवरी वर्ष 2026 को माननीय श्रम न्यायालय राजनांदगांव के न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी अमित जिंदल द्वारा अधिनिर्णय पारित किया गया। जिसमें मीन उलरॉक फाईबर लिमिटेड रीवागहन में कार्यरत कर्मचारी श्रमिक के दावे को स्वीकारते प्रत्येक श्रमिक कर्मचारी को 3 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में भुगतान अधिनिर्णय दिनांक से दो माह के भीतर मीन उलरॉक फाईबर लिमिटेड प्रबंधन द्वारा किए जाने का निर्णय पारित किया गया।

न्यायपालिका का जताया आभार- मजदूर संगठन के सचिव महादेव देवांगन ने कहा कि मजदूरों के हित में 10 वर्षों से संघर्ष कर रहे थे। आज मजदूर के हित में न्याय मिला है। उन्होंने इसके लिए न्यायपालिका का आभार जताया है।

## निधन

### रेव्ह डॉ. वाल्टर लिविंगस्टोन

**राजनांदगांव।** रेव्ह डॉ. वाल्टर लिविंगस्टोन 94 वर्ष 6 अप्रैल दोपहर को 2 बजे प्रभु में सो गए। उन्होंने लगभग 75 वर्षों तक वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च में अपनी सेवाएं दी। वे रेव्ह. जॉन लिविंगस्टोन, स्व. रेव्ह.डॉ. जीवन लिविंगस्टोन और स्वर्गीय राजेश विंगस्टोन के पिता तथा स्टेनली, शिशक, रेव्ह. ऐश्वर्य, श्री यशब और रिया लिविंगस्टोन के दादा एवं रैन एवं रफ़ाएल लिविंगस्टोन के परदादा थे। उनका अंतिम संस्कार कल 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना सभा के पश्चात स्थानीय मसीही कब्रिस्तान मठपारा राजनांदगांव में दोपहर 1 बजे अंतिम संस्कार की विधि अपनायी जाएगी।



## आंदोलन के बीच कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कैद रहे सांसद, विधायक

# हत्या के मामले में आक्रोशित आदिवासी समाज ने किया प्रदर्शन, रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला में 20 अप्रैल को अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के सांगली निवासी आदिवासी हल्बा समाज के बस ड्राईवर कमलेश भूआर्य की बेरहम पिटाई और उसके बाद हत्याकांड में तब्दील हुए मामले को लेकर आज हजारों आदिवासी महिला, पुरुष, युवाओं का जनाक्रोश मोहला के सड़क पर फूट पड़ा। गांव-गांव से हजारों की संख्या में पहुंचे आदिवासी हल्बा समाज के लोगों ने मृत ड्राइवर की पत्नी को साथ लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय की आज सुबह से ही जिला मुख्यालय मोहला मे जिले के कोने-कोने से पहुंचे आदिवासी हल्बा समाज के महिलाए पुरुष युवा ग्रामीण लगभग 10 हजार की भीड़ में एकत्रित होकर डंडा झंडा लेकर रैली के शक्ल में कलेक्ट्रेट एसपी कार्यालय की ओर आगे बढ़े, भारी तादाद में तैनात पुलिस बल ने कलेक्ट्रेट एसपी कार्यालय के मैन गेट मे बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारी और पुलिस के बीच तीखी बहस नोंकझोंक और नारे बाजी के बीच स्थिति तनाव पूर्ण रही। जिस वक्त कलेक्ट्रेट के सामने हजारों भीड़ प्रदर्शन मे जूटी हुई थी इसी दौरान सांसद संतोष पांडे, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू कलेक्टोरेट सभा कक्ष में मौजूद थे और बाहर हजारों की भीड़ आदिवासी ड्राइवर कमलेश हत्याकांड के खिलाफ लामबंद थे।



### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

प्रदर्शन के दौरान सांसद संतोष पांडे खुज्जी की विधायक भोलाराम साहू कलेक्ट सभा कक्ष में प्रशासनिक बैठक मे मौजूद थे। बाहर हजारों की भीड़ कार्यालय घेरे हुए थी, स्थिति को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर सहित पूरे नगर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में रखा गया ताकि अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### समाज में आक्रोश, सख्त सजा की मांग

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के बीच इस हत्याकांड को लेकर गहरा आक्रोश है। मृतक ड्राइवर की पत्नी अमेरिका बाई भूआर्य को लेकर पहुंचे समाजजनों ने एक स्वर में आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग रखी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। हल्बा समाज के जिला अध्यक्ष बीरेंद्र मसिया ने बताया कि लगभग दस हजार समाज जन इस प्रदर्शन में पहुंचे थे। जिस विभस्त तरीके से उनके समाज के ड्राइवर को थाने के करीब दो-दो बार आरोपियों ने अंतड़िया के फटने तक मारा है, जिला मुख्यालय में आम लोग सुरक्षित नहीं है। जिस वजह से आक्रोश रैली हल्बा हलबी समाज ने निकला है।

### इकलौता कमाने वाला था मृत ड्राइवर

बीते 20 मार्च को मोहला के 6 युवकों ने बस चालक कमलेश भूआर्य की बेरहमी से बेल्ट और पट्टे से पिटाई कर दिये गंभीर रूप से घायल कमलेश को राजनांदगांव के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 25 मार्च को इलाज के दौरान उनकी दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही एसपी वायपी सिह के निर्देश में मोहला थाना प्रभारी कपिल देव चंद्रा ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मोहला निवासी सभी आरोपियों को उसी रात हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया है। बावजूद इसके, आदिवासी समाज इस कार्रवाई को अपर्याप्त मानते हुए कड़ी सजा की मांग कर रहा है। बताया गया कि ड्राइवर अपने परिवार में इकलौता कमाने वाला था।

## अब सामान्य सभा 21 व बजट बैठक 22 को

- अपरिहार्य कारणों से की गई स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पालिक निगम की सामान्य सभा आगामी 8 अप्रैल को एवं बजट बैठक 9 अप्रैल 2026 को आहुत की गई थी है। उक्त दोनों बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। अब सामान्य सभा की बैठक 21 अप्रैल को एवं बजट की बैठक 22 अप्रैल को आहुत की गई है।

बैठक के संबंध में नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह ने बताया कि 8 अप्रैल को 7 विषयों की स्वीकृति के लिए आहुत सामान्य सभा की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। उक्त बैठक अब संशोधित तिथि 21 अप्रैल को निर्धारित समय 11 बजे से टाउन हॉल में आहुत की जाएगी। बैठक में पूर्व निर्धारित 7 विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा। अध्यक्ष श्री वर्मा ने जानकारी दी कि इसी प्रकार बजट की बैठक 9 अप्रैल के स्थान पर 22 अप्रैल को निर्धारित समय 12 बजे से आहुत की गई है। महापौर मधुसूदन यादव द्वारा इस कार्यकाल का द्वितीय बजट प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2025-26 एवं प्रस्तावित आय-व्यय (बजट) वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृति हेतु चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बैठक में महापौर सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदों, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि व पत्रकारों एवं अधिकारी-कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है।

## सफाई, पानी व्यवस्था का महापौर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव द्वारा सोमवार को वार्ड निरीक्षण की कड़ी में लखोली क्षेत्र के वार्ड क्र. 36 सेठीनगर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर पानी सफाई के संबंध में चर्चा की और वार्ड में व्यवस्था सुदृढ़ करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

वार्ड नं. 36 सेठीनगर निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों से रूबरू हो क्षेत्र में पानी कम आने की शिकायत पर प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर पाईप लाइन विस्तार एवं इंटर कनेक्शन करने जल्द कार्रवाई करने तकनीकी अधिकारियों से महापौर ने कहा। त्वरित निराकरण के लिए उन्होंने बोरिंग पंप मरम्मत करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि सिंटेक्स टंकी में नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से पानी भरें। जिससे उक्त क्षेत्र में निवासरत परिवार को राहत मिल सके। उन्होंने पाईप लाइन विस्तार एवं इंटर कनेक्शन कार्य को प्राथमिकता देकर प्रक्रिया कर अगले सप्ताह काम चालू करने कहा। महापौर श्री यादव सेठीनगरवासियों से साफ-सफाई के संबंध में चर्चा कर कहा कि निगम के सफाईकर्मी प्रतिदिन सुबह साफ-सफाई का कार्य करते हैं। साफ-सफाई में सहयोग करना है, कचरा नाली में नहीं डालना है, घर का गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रख स्वच्छता दीदीयों को देना है। उन्होंने कहा कि वार्ड एवं शहर को स्वच्छ एवं साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

निगम के सफाई करने से ही स्वच्छता नहीं आती, आप सबके सहयोग से हम सफाई में और बेहतर काम कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अनुप पाण्डे, फिटर सोमनाथ यादव व टेमन ठाकुर एवं जल विभाग का अमला तथा सेठीनगरवासी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य संबंधी दी जा रही जानकारी

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित पोट्ठ लईका पहल गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने की दिशा में प्रभावी रूप से कार्य कर रही है।

इस अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक गुरुवार को आयोजित होने वाली पालक चौपाल के माध्यम से माताओं को बच्चों के पोषण, देखभाल और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। अंजोरा सेक्टर के आंगनबाड़ी केन्द्र कोपेडीह क्रमांक 1 में दर्ज ज्योति साहू का प्रसव स्वास्थ्य केन्द्र में सामान्य रूप से हुआ। जन्म के समय उनकी बच्ची का वजन मात्र 1.950 किलोग्राम तथा लंबाई 46 सेमी था, जो अति गंभीर कुपोषण की स्थिति को दर्शाता था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमिन साहू ने तत्परता दिखाते कंगारू मदर केयर, नियमित स्तनपान, स्वच्छ एवं गर्म वातावरण में देखभाल तथा सीमित संपर्क जैसे आवश्यक उपायों की जानकारी दी। साथ ही माता को पौष्टिक आहार लेने प्रेरित किया गया। पालक चौपाल के माध्यम से प्राप्त सलाह को परिवार ने गंभीरता से अपनाया तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नियमित गृह भेंट कर सतत निगरानी भी सुनिश्चित की गई।

## एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई द्वारा राज्यपाल के नाम दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया।



लंबे समय से महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव नहीं होने की वजह से विद्यार्थियों की कई समस्याएं प्रमुखता से नहीं उठ पा रही है। इस मामले को लेकर अब एनएसयूआई द्वारा प्रदेशभर में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग की जा रही है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कहा कि महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, फीस और मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ता है। ऐसे में छात्र संघ चुनाव होना आवश्यक है। एनएसयूआई प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति एवं जिला उपाध्यक्ष साहिल सागर ने कहा कि अब छात्र संघ चुनाव करना जरूरी हो गया है, क्योंकि महाविद्यालयो में प्राध्यापक, कर्मचारी अपनी मनमर्जी से फैसले लेते हैं। जिसके चलते छात्रों को न्याय नहीं मिल पाता है। चुनाव से नए छात्र नेता बनते हैं, जो भविष्य में प्रदेश का नेतृत्व करते हैं।

### छात्रहित में चुनाव आवश्यक

ज्ञापन सौंपने पहुंचे एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अमर झा ने कहा कि प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव कराया जाए। छात्रों को जो समस्याएं हो रही है, उसके निराकरण के लिए कॉलेज में छात्र नेताओं का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव से विद्यार्थियों के हित में आवाज उठाई जाती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में भाजपा की सरकार ने चुनाव को बंद करवा दिया था।

## युवक पर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइपास ब्रिज के पास लखोली में धारदार चाकूनुमा कत्ता लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने पकड़कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 अप्रैल को पुलिस को जानकारी मिली कि लखोली बाइपास ओवरब्रिज के नीचे कृष्णा शर्मा नामक व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की नीयत से धारदार हथियार रखा है। सूचना पर मौका पहुंचकर घेराबंदी कर कृष्णा शर्मा 21 वर्ष साकिन संतोषी नगर मुरूम खदान को पकड़ा। तलाशी लेने पर एक नग लोहे का धारदार चाकूनुमा कत्ता बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 60 से अधिक पुलिस जवान व अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा जिले में उत्कृष्ठ एवं सराहनीय कार्य करने वाले 60 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### पुलिस की छवि हुई सुदृढ

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा से पुलिस विभाग की छवि सुदृढ़ हुई है। उन्होंने सभी को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ठ कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मानित किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन, कर्तव्य परायणता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष से की भेंट

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव की कार्यकारिणी की घोषणा बाद संगठन को सक्रियता की नई दिशा देते जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को लेकर राजनांदगांव से रायपुर पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से भेंट मुलाकात की और उनका स्वागत एवं आभार व्यक्त करते संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर से रायपुर यात्रा कर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता के बाद राजधानी पहुंचे थे। उन्होंने पदाधिकारियों से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विपिन यादव व प्रभारी महामंत्री राहुल तिवारी ने प्रत्येक पदाधिकारी का परिचय प्रदेश अध्यक्ष से करवाया, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने प्रत्येक पदाधिकारी का उत्साहवर्धन किया।



### पार्टी को मजबूत बनाना एकमात्र लक्ष्य

श्री बैज ने कहा कि गुटबाजी से दूर रहकर हम सभी को एक परिवार की तरह कार्य करते कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है। यही हम सबका एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने 2028 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाते चारों विधानसभा सीटों पर विजय का आह्वान किया। जिसमें वर्तमान तीन सीटों को बरकरार रखते राजनांदगांव विधानसभा में भी जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने जिले में कांग्रेस संगठन को सोशल मीडिया के क्षेत्र में बूथ, ब्लॉक और जिला स्तर तक सुदृढ़ करने के संबंध में जिला अध्यक्ष विपिन यादव को विशेष मार्गदर्शन एवं आवश्यक निर्देश दिए। बूथ गठन को लेकर भी उन्होंने विस्तार से जानकारी ली और इसे शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया।

जिलाध्यक्ष श्री यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी की सभी गतिविधियों एवं अब तक किए गए संगठनात्मक कार्यों से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज ने जिलाध्यक्ष श्री यादव के सक्रिय नेतृत्व एवं संगठनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते कहा कि उनके प्रयासों से संगठन को मजबूती मिल रही है। उन्होंने भविष्य में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। जिलाध्यक्ष श्री यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया कि जिले में बूथ गठन का कार्य 60 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है और शीघ्र ही इसे शत-प्रतिशत पूर्ण कर सूची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को सौंप दी जाएगी। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने संतोष व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप

### श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन आज से



**हरिभूमि सहसपुर लोहारा।** सहसपुर लोहारा से पूर्व बिरनपुर कला में 7 अप्रैल को शाम 4 बजे मातादेवाला से भव्य शोभा यात्रा निकलेगी वो बावा चौरा तक जाएगी, वैशाख कृष्ण पंचमी से त्रयोदशी तक 7 से 15 अप्रैल तक संपूर्ण देश में गौ-हत्या बंद हो और गौ-माता को राष्ट्र माता का सम्मान मिले राज्य स्तर में राज्य माता का सम्मान मिले इसके लिए गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ और श्रीशिव महापुराण का परम मंगल में आयोजन समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी बिरनपुर कला द्वारा किया जा रहा है। जिसमें पूज्य दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के श्रीमुख से श्रीशिव महापुराण की कथा होगी। जिस पर आयोजन समिति ने अपील कर आसपास क्षेत्र के भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीशिव महापुराण कथा सुनकर और यज्ञ भगवान का दर्शन कर के जीवन को सफल बनाने अपील की गई।

### अटल चौक में भाजपा का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम मोहतरा कला के बूथ क्रमांक 227 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष माखनलाल चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, सहाराम चंद्रवंशी, प्रहलाद यादव, घनश्याम निर्मलकर एवं प्रदीप मरकाम सहित कई कार्यकर्ता अटल चौक के पास एकत्रित हुए। सभी ने कमल का झंडा लेकर भाजपा के नारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल महाराजपुर व अशोका स्कूल मजगांव द्वारा नोडल अधिकारियों से सांठगांठ कर प्रवेश प्रक्रिया में किया धांधली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा जिले में शिक्षा सत्र 2025-26 के तहत आरटीई सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कुछ निजी स्कूलों द्वारा जानबूझकर आवेदन प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई और गलत हैबिटेशन कोड दर्ज कर नियमों का उल्लंघन किया गया। रिपोर्ट के अनुसार गुरूकुल पब्लिक स्कूल, महाराजपुर ने आवेदन में स्वयं को ग्रामीण क्षेत्र में संचालित बताया, जबकि आरटीई प्रवेश के दौरान पोर्टल में गलत हैबिटेशन कोड (एचबी 12049) दर्ज कर विद्यालय को रामनगर, कवर्धा (शहरी क्षेत्र) के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया।

इसी प्रकार अशोका पब्लिक स्कूल जो पहले शिक्षक नगर में संचालित था और वर्तमान में ग्राम मजगांव (ग्रामीण क्षेत्र) में संचालित हो रहा है, उसने भी आरटीई प्रवेश के दौरान पोर्टल पर वही गलत हैबिटेशन कोड (एचबी 12049) दर्ज किया, जिससे विद्यालय को शहरी क्षेत्र रामनगर, कवर्धा में दिखाया गया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि दोनों स्कूलों के सही हैबिटेशन कोड अलग-अलग हैं, गुरूकुल पब्लिक स्कूल, महाराजपुर एचबी 04634 अशोका पब्लिक स्कूल, मजगांव एचबी 04725 इस प्रकार की गड़बड़ियों से आरटीई प्रवेश प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम आरटीई के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के निजी विद्यालय गुरूकुल पब्लिक स्कूल महाराजपुर एवं अशोका पब्लिक स्कूल शिक्षक नगर के द्वारा नोडल अधिकारियों एवं तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी के साथ मिलीभगत कर गलत मैपिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया में हेर-फेर करनी की शिकायत युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी एवं युवा कार्यकर्ताओ द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम को 19 अगस्त 2025 को किया गया था। आवेदन पत्र के आधार पर जांच समिति का गठन किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जांच समिति गठित की गई, जिसमें भोरमदेव कन्या परिसर महाराजपुर एवं स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा के प्राचार्यो को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## जांच रिपोर्ट आई, विद्यालय एवं नोडल अधिकारियो पर नियमानुसार कार्यवाही की अनुशंसा

### रिपोर्ट में कड़ी कार्यवाही की अनुशंसा

यह त्रुटि प्रवेश प्रक्रिया को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली है, जिसके कारण पात्र बच्चों के स्थान पर अन्य क्षेत्रों के बच्चों के चयन की संभावना बढ़ गई है। इससे आरटीई प्रवेश प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हुआ है। विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद शहरी क्षेत्र के बच्चों को प्रवेश दिया गया। यह स्थिति विद्यालय द्वारा गलत हैबिटेशन कोड दर्ज करने के कारण उत्पन्न हुई, जो एक गंभीर त्रुटि है। इस त्रुटि का समय पर नोडल अधिकारी द्वारा सुधार न किया जाना स्पष्ट रूप से प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। अतः विद्यालय प्रमुख एवं संबंधित नोडल अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा की जाती है। भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु त्रि-स्तरीय सत्यापन प्रणाली (विद्यालय स्तर नोडल अधिकारी स्तर एवं जिला शिक्षा अधिकारी स्तर) को कड़ाई से लागू करते हुए प्रत्येक आवेदन का सख्ती से सत्यापन किया जाना आवश्यक है।

### नोडल अधिकारियों एवं स्कूल पर कार्यवाही नहीं करने का आरोप




युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जांच रिपोर्ट सामने आने के बावजूद अब तक संबंधित नोडल अधिकारियों एवं स्कूल प्रबंधन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कथित रूप से कमीशन लेकर संबंधित लोगों को संरक्षण दिया गया, जिसके कारण अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों पर सख्त कार्यवाही नहीं की जाती है, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### आरटीई प्रवेश विवाद पर गुरूकुल व अशोका पब्लिक स्कूल ने कहा मामला किसी गड़बड़ी का नही है

आरटीई प्रवेश प्रक्रिया को लेकर सामने आई खबरों पर गुरूकुल पब्लिक व अशोका पब्लिक स्कूल के संचालक ने स्पष्ट किया कि मामला किसी गड़बड़ी का नहीं, बल्कि तथ्यों की गलत प्रस्तुति का परिणाम है। उन्होंने बताया कि संबंधित प्रवेश पुराने विद्यालय की लोकेशन के आधार पर, शासन की निर्धारित प्रक्रिया के तहत किए गए थे। संचालक ने कहा कि आरटीई प्रवेश पूरी तरह शासन की लॉटरी व नियमों के अनुसार होते हैं, जिसमें विद्यालय की सीधी भूमिका नहीं होती। भ्रामक खबरों से विद्यालय की छवि को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने संभावना जताई कि त्रुटि तकनीकी या प्रक्रियागत हो सकती है। विद्यालय प्रबंधन ने निष्पक्ष जांच का स्वागत करते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की बात कही है।

## अनदेखी : मरम्मत के नाम पर जिम्मेदारों की सिर्फ खानापूर्ति

# मथानी-धौराबंद-देवरी सड़क बदहाल 5 माह से गिट्टी-बालू में फंसी जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मथानी से धौराबंद होते हुए देवरी तक जाने वाली मुख्य सड़क पिछले पांच महीनों से बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है। मरम्मत के नाम पर ठेकेदार द्वारा केवल गड्ढों में मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है, जिससे सड़क पर आवागमन जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार वाहनों के गुजरने से गड्ढों में डाली गई मिट्टी और गिट्टी बाहर निकलकर सड़क पर फैल जाती है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

हालात यह हैं कि सड़क पर चलना अब किसी बड़े हादसे को आमंत्रण देने जैसा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन इसके बाद कभी नियमित मरम्मत नहीं की गई। लगातार अनदेखी के कारण सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। समस्या से परेशान ग्रामीणों धर्म त्रिपाठी, मनीराम साहू, सोमीर चंद्राकर, सोहन, जानू यादव, जलेश यादव, वीरू सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके।

### बेतरतीब गिट्टी से बढ़ी परेशानी



शिकायतों के बाद गड्ढों में बड़ी-बड़ी गिट्टी डालकर पाटने की कोशिश की गई, लेकिन यह उपाय भी कारगर साबित नहीं हुआ। गिट्टियां सड़क पर बिखरकर और ज्यादा परेशानी खड़ी कर रही हैं।

### बारिश होने में बन जाती है जानलेवा

बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को अंदाजा नहीं लग पाता और लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं। साथ ही साथ आवागमन और जोखिम भरा हो गया है।

# उप मुख्यमंत्री ने 5.36 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन



- छत्तीसगढ़ सरकार गांवों के विकास के लिए कर रही कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला में आधारभूत संरचना को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए बिलासपुर मार्ग से दौजरी होते हुए नाऊडीह तक 4.20 किलोमीटर लंबाई के महत्वपूर्ण मार्ग के मजबूतीकरण एवं निर्माण कार्य का आज शुभारंभ किया गया।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने ग्राम नाऊडीह में 5 करोड़ 36 लाख 58 हजार रूपए की लागत से बनने वाले इस सड़क, पुल-पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की। यह मार्ग क्षेत्र के किसानों की महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में जाना जाता है, जो मुख्य जिला मार्ग रबेली-प्रतापपुर को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 से सीधे जोड़ते हुए आवागमन की मुख्य धुरी का कार्य करता है। इस मार्ग से किसानों को भोरमदेव शक्कर कारखाना तक पहुंचने में अब बड़ी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से जर्जर स्थिति में होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे अब दूर करने की दिशा में ठोस पहल की गई है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने किसानों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया। उन्होंने खेल मैदान के निर्माण के लिए घोषणा की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, आवास, किसान हित और महिला सशक्तिकरण से जुड़े अनेक कार्य तेजी से धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे गांवों की तस्वीर बदल रही है।

### विकास की दिशा में मजबूत कदम

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण की स्वीकृति मिली है। यह परियोजना ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ते हुए क्षेत्रीय विकास को नई गति प्रदान करेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नितेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक गण उपस्थित थें।

# रणनीति और बुद्धिमत्ता का संगम, अभ्युदय स्कूल में ओपन चेस प्रतियोगिता का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अभ्युदय स्कूल में गत 05 अप्रैल रविवार को ओपन चेस प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कुल 7 राउंड में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बुद्धिमत्ता, धैर्य एवं रणनीतिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा मधुर स्वागत गीत से वातावरण भावपूर्ण हो उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छावई, विशिष्ट अतिथि निदेशक सपन चोपड़ा साथ ही विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू, उप प्राचार्य एफआर खान, एडमिनिस्ट्रेटर शकुलदीप रजक, जिला शतरंज संघ बेमेतरा के सचिव लोकनाथ चंद्राकर एवं आर्बिटर आलोक सिंह क्षत्रिय सहित शिक्षकगण, अभिभावक एवं प्रतिभागियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिस पर प्राचार्य तोरण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने शतरंज को एक ऐसा बौद्धिक खेल बताया, जो एकाग्रता, तार्किक सोच एवं सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करता है। इसके पश्चात उन्होंने प्रथम चाल चलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कवर्धा सहित आसपास के जिलों एवं ओडिशा के कटक से भी प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे आयोजन को अंतर्राज्यीय स्वरूप मिला। दिव्यांग खिलाड़ियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और प्रेरणादायक बना दिया। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह छावई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सकारात्मक सोच, लक्ष्य निर्धारण एवं निरंतर प्रयास की महत्ता बताई। उन्होंने मोबाइल के सीमित उपयोग की सलाह देते हुए विद्यार्थियों को अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने की बात कही। जिसमें प्रथम स्थान मोबिन फारुख को 7 हजार एवं ट्रॉफी, द्वितीय स्थान संस्कार कश्यप को 5 हजार एवं ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान महेंद्र पाल के 3 हजार एवं ट्रॉफी सहित अन्य प्रतिभागियों को भी निर्धारित पुरस्कार राशि, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# सेवा सहकारी समिति ने क्षेत्र के किसानों को किया खाद वितरण



- क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को महंगे दामों में खाद खरीदने से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में सेवा सहकारी समिति द्वारा किसानों को खाद का वितरण किया गया। इस दौरान किसानों को यूरिया, पोटाश एवं राखड़ उपलब्ध कराया गया, जिससे उन्हें कुछ हद तक राहत मिली है। बताया जाता है कि क्षेत्र में गन्ना फसल की खेती अधिक मात्रा में की जाती है, जिसके कारण खाद की मांग भी ज्यादा रहती है। ऐसे में समय पर समिति द्वारा खाद उपलब्ध कराए जाने से किसानों को निजी कृषि दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदने से राहत मिलेगी। समिति के शेयरधारी किसानों को इस वितरण से विशेष लाभ मिला है। हालांकि किसानों का कहना है कि उन्हें आवश्यकता के अनुसार पूर्ण मात्रा में खाद नहीं मिल पाया है। लेकिन फिलहाल काम चलाने लायक ही खाद दिया गया है।

## जनपद पंचायत पंडरिया में मैदानी अमले की समीक्षा बैठक

# आवास निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना के कार्यो की ग्राम पंचायतवार समीक्षा जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल द्वारा की गई। बैठक में आवास मित्र, ग्राम रोजगार सहायक, सचिव एवं तकनीकी सहायकों से प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि जिन आवासों को प्रथम किस्त प्राप्त हो चुकी है और कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल शुरू कराया जाए साथ ही जिन हितग्राहियों को द्वितीय एवं तृतीय किस्त जारी हो चुकी है, उनके आवासों की छत ढलाई ग्रीष्म ऋतु में पानी की कमी से पूर्व पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि आवास निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। अनियमितता या



लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान जियो टैगिंग, खाता सत्यापन एवं आधार सत्यापन से जुड़ी समस्याओं का भी निराकरण किया गया। बैठक में जनपद पंचायत पंडरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के जिला समन्वयक, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक सहित सभी मैदानी कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्व सहायता समूहों की होगी भागीदारी

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए क्लस्टर बनाकर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं को शामिल करने की बात कही गई, ताकि प्रत्येक हितग्राही तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।

### जल संरक्षण को बढ़ावा देने के निर्देश

समीक्षा बैठक में स्वीकृत आवासों में सोक पीट निर्माण को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया। हितग्राहियों को निर्माण कार्य में बची सामग्री जैसे ईंट के टुकड़े, रेत व गिट्टी का उपयोग कर जल संरक्षण के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

## // शपथ-पत्र //
## (नाम सुधार के संबंध में)

मै धनीराम पिता श्री लोकमन उम्र 51 साल जाति नाई निवासी ग्राम व पो. चिल्फी तह. बोडला जिला कबीरधाम छ.ग. का हूँ जो कि शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
2. यह कि मेरे पुत्र शिवम उसराठे (SHIVAM USRATHE) के कक्षा 8 वी 10वी, 12 वीं में गुरुकूल पब्लिक स्कूल कवर्धा में अध्ययन किया है जो कि पूर्णतः सत्य व सही है।
3. यह कि मेरे पुत्र शिवम उसराठे (SHIVAM USRATHE) के कक्षा 8 वी. 10वी, 12 वी के अंकसूची में उनका नाम SHIVAM USRATHE पिता का नाम अंग्रेजी अक्षरों में DHANI USRATHE उल्लेखित है जिसे सुधार कर मेरे पुत्र के पिता का सही व वास्तविक नाम धनीराम अंग्रेजी अक्षरों में DHANIRAM दर्ज कर दिया जाये जो कि सत्य व सही है।
04. यह कि मैंने कोई असत्य कथन नहीं किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में यह शपथपत्र संबंधित विभाग को सादर सम्प्रेषित करता हूँ ।

**सत्यापनः-**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता एतद् द्वारा सत्यापित करता हूँ कि उक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 में वर्णित सभी तथ्य मेरे स्वतः के ज्ञान व विश्वास से पूर्णतः सत्य व सही है अतः आज दिनांक 06.04.2026 को बोडला में इस पर अपना हस्ताक्षर किया।

**शपथकर्ता**
**धनीराम**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बोड़ला जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202604801000003/अ-2 वर्ष 2025-26 ग्राम-जोगीनवागांव प.ह.नं.-22

## // ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम जोगीनवागांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के द्वारा "व्यवसायिक प्रयोजन" में अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यपवर्तन किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**क्र.1- आवेदक/आवेदिका का नाम - ईतवारी राम, पिता/पति का नाम- रायसिंह, जाति- बैगा, ग्राम का नाम- जोगीनवागांव (तहसील बोड़ला), खसरा नं.- 49/1, कुल रकबा- 1.288 हे., प.ह.नं.- 22**

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनाँक 16.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 02/04/2026
पेशी दिनांक - 16/04/2026

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत जिले के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए उनमें नई सोच का विकास करना, बेहतर कैरियर चयन हेतु मार्गदर्शन देना, प्रतिस्पर्धी वातावरण में तैयार करना तथा उनके बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराना है।

# बोड़ला तहसील से क्षेत्र के अवैध ईंट भट्टों को केवल नोटिस जारी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

बोड़ला क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। अवैध ईंट निर्माण के खिलाफ जारी किए गए नोटिसों और प्रकरणों की स्थिति पर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है, जिसके अनुसार अब तक किसी भी मामले में विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध नहीं किया गया है। इसके बजाय संबंधित संचालकों को केवल कारण बताओ नोटिस जारी कर औपचारिकता पूरी की गई है, जिससे प्रशासन की मंशा पर गंभीर संदेह उत्पन्न हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक, इन अवैध भट्टों के संचालकों के खिलाफ नियमानुसार प्रकरण पंजीबद्ध कर सख्त विधिक कार्रवाई की जानी चाहिए थी, ताकि दोषियों पर जवाबदेही तय की जा सके। लेकिन बोड़ला तहसील कार्यालय ने पूरी प्रक्रिया को उल्टा अपनाया और केवल नोटिस जारी कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या प्रशासन इन अवैध गतिविधियों को जानबूझकर नजरअंदाज कर रहा है या फिर इसके पीछे कोई और कारण है। इस पूरे मामले में सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी ने प्रशासन की लापरवाही को उजागर किया है। जब पिछले तीन वर्षों में अवैध ईंट निर्माण पर की गई कार्रवाई और जारी किए गए नोटिसों की जानकारी मांगी गई, तो विभाग ने चौंकाने वाला जवाब दिया कि इस मुद्दे पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है, बल्कि अवैध कारोबार को संरक्षण देने के आरोपों को भी मजबूती प्रदान करता है। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि बिना प्रकरण पंजीबद्ध किए केवल नोटिस जारी करना न केवल प्रक्रिया का उल्लंघन है, बल्कि इससे पूरे मामले की गंभीरता भी कमजोर हो जाती है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की संभावना भी कम हो जाती है। यह स्थिति निश्चित रूप से अवैध ईंट निर्माण पर नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में एक बड़ी बाधा बन रही है।

### स्थानीय नागरिकों ने जताई नाराजगी



स्थानीय नागरिकों में इस मुद्दे को लेकर गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि अवैध ईंट भट्टे न केवल राज्य के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता और इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई न होने से नागरिकों के बीच असंतोष फैल रहा है। नागरिकों का यह भी कहना है कि प्रशासन का इस मामले में मौन रहना और उचित कार्रवाई न करना यह दर्शाता है कि अवैध ईंट निर्माण के कारोबार को लेकर प्रशासन की मंशा संदिग्ध है।

### स्थानीय लोगों ने रखी अपनी मांग

स्थानीय नागरिकों और नेताओं ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रशासन से यह भी अपील की है कि अवैध ईंट निर्माण पर तुरंत सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि पर्यावरण और राजस्व की हानि को रोका जा सके और जिम्मेदार लोगों को न्याय मिले। माना जा रहा है कि बोड़ला तहसील कार्यालय की यह लापरवाही न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली को सवालों के घेरे में डालती है, बल्कि यह पूरे जिले में अवैध निर्माण गतिविधियों के प्रति प्रशासन की गंभीरता को भी उजागर करती है। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस मामले पर तत्काल सख्त कदम उठाता है या फिर यह स्थिति यूं ही बनी रहती है।

## समस्या: बार-बार के केवाईसी से महतारी वंदन योजना हितग्राही नाखुश

# अब ई-केवाईसी ने फिर महतारियों की बढ़ाई परेशानी और समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते विधानसभा चुनाव में महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने के नाम पर प्रारंभ की गई महतारी वंदन योजना का लाभ लेना अब पुरानी लाभार्थी महतारियों के लिए आसान नहीं रह गया है। जबकि नए लाभार्थियों को तो इस योजना के प्रारंभ होने के बाद से अब तक जगह ही नहीं मिल पाई है। बताया जाता है कि योजना की लाभार्थी महतारी सबसे ज्यादा सरकार के बार-बार कराए जा रहे केवाईसी से परेशान है। यहां बताना लाजिमी होगा कि नए वित्तीय वर्ष में सरकार ने एक बार फिर से महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया है। जिससे पूरे प्रदेश सहित जिलेभर की महतारियों में असमंजस और परेशानी देखी जा रही है। 1 अप्रैल 2026 से शुरू हुए इस अभियान की अंतिम तिथि शासन ने 30 जून 2026 निर्धारित की है। लेकिन व्यावहारिक रूप से कई जगहों पर ई-केवाईसी की सुविधा अभी पूरी तरह शुरू नहीं हुई है। सरकार की ओर से आधिकारिक रूप से बताया गया था कि सीएससी केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम पंचायत भवनों और शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालयों पर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। लेकिन वास्तविकता में कई सीएससी सेंटरों में अभी डिवाइस या सॉफ्टवेयर इश्यू के कारण केवाईसी नहीं हो पा रहा है। कुछ इलाकों में केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं या विशेष चॉइस सेंटर के माध्यम से ही प्रक्रिया चल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी जिले के वनांचल ईलाकों की महतारियों को भुगतनी पड़ रही है। बार-बार के केवाईसी से वे हलाकान और परेशान हो चुकी है। उनका कहना है कि शासन ने भीषण गर्मी के इस सीजन में ई-केवाईसी अनिवार्य कर उनके लिए नई मुसीबत कड़ी कर दी है। वे कई किलो मीटर का सफर कर सीएससी सेंटर पहुंच रही है लेकिन कई ई-केवाईसी नहीं हो रहा है तो कहीं सर्बर डाऊन बताया जा रहा है तो कहीं भारी भीड़ के चलते उन्हें बगैर ई-केवाईसी के लिए लौटना पड़ रहा है। कुल मिलाकर जिलेभर की महतारी अब सरकार की इस योजना में बार-बार और लगातार कराए जा रहे केवाईसी से हलाकान, परेशान और त्रस्त नजर आ रही है।

### कुछ ही सीएससी सेंटर में ई-केवाईसी




कुछ सीएससी संचालक का कहना है कि ई-केवाईसी कि सुविधा अभी सभी सीएससी केन्द्रों में नही दी गई है कुछ गिने चुने केन्द्रों को ही इसकी अनुमति मिली है। इस स्थिति के कारण लाभार्थी महिलाओं को एक ही चॉइस सेंटर के भरोसे बैठना पड़ रहा है तो कहीं भीड़ ज्यादा के कारण बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई महिलाएं सीएससी केन्द्र जाने पर यह सुन वापस लौट रही है कि यह सुविधा अभी शुरू नहीं हुई या सर्बर की दिक्कत है, जबकि आंगनबाड़ी केन्द्रों से उन्हें सीएससी केन्द्र जाने की बात कही जा रही है। नतीजतन, केन्द्रो पर भीड़ बढ़ रही है और लोग लाभार्थी महतारी काफी परेशान हैं।

### लाभार्थी महतारियों को हाथ से किस्त फिसलने का डर

ई-केवाईसी को लेकर लाभार्थी महतारियों में इस बात को लेकर भी काफी चिंता देखी जा रही है कि अगर समय पर ई-केवाईसी पूरा नहीं हुआ तो अप्रैल 2026 की 26 वीं किस्त कहीं उनके हाथ से न निकल जाए। यहां बताना लाजिमी होगा कि योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1000 रूपए की सहायता मिलती है। ऐसे में लाभार्थियों को यह आशंका है कि बिना केवाईसी के अगली किस्त रुक न जाए।

# टीचर्स एसोसिएशन महासभा में पुरानी पेंशन की मांग हुई बुलंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महासभा का रायपुर में भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरन्दर मिश्रा एवं अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। इस महासभा में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों व शिक्षकों ने पंचायत विभाग में प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन की गणना की मांग को लेकर जोरदार हुंकार भरा। मुख्य अतिथि ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री तक पहुंचाने तथा एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलाने का भरोसा दिया। प्रांताध्यक्ष ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों की व्यथा को साझा किया। वर्तमान में पेंशन की गणना संविलियन तिथि एक जुलाई 2018 से किए जाने के कारण सन 2028 से पहले सेवनिवृत हो रहे शिक्षक पेंशन से वंचित हो रहे हैं। अतः पुरानी पेंशन के लिए शिक्षा विभाग में संविलियन से पहले के सेवा की गणना आवश्यक है। भारत सरकार, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड राज्य की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे। इस दौरान छग उच्च न्यायालय द्वारा रमेश चन्द्रवंशी व अन्य के याचिका में दिए गए निर्णय का हवाला देते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना को उचित करार दिया गया। टेट की विभागीय परीक्षा, पदोन्नति, क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान, विभागीय बीएड डीएड कोर्स कराने, सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने की मांग पर चर्चा किया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षकों के एकमात्र संगठन टीचर्स एसोसिएशन है, जो शिक्षक, शिक्षा व शिक्षार्थी के हितों की बात करता है। मातृसंघ के सक्रीय भूमिका के बदौलत प्रदेश के डेढ़ लाख शिक्षाकर्मियों ने शिक्षा विभाग में पूर्ण शिक्षक का दर्जा प्राप्त किया है। आने वाले समय में इसी मातृसंघ के प्रयासों से पूर्व सेवा की गणना सहित अन्य लाभ भी प्राप्त होगा। महासभा में जिले से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष केशलाल साहू कवर्धा, वकील बेग मिर्जा स.लोहारा, बलदाऊ चन्द्राकर पंडरिया, गोकुल जायसवाल बोड़ला, उमेश चन्द्रवंशी, मार्कण्डेय साहू, हुकुम साहू, बाल्मीकि धुर्वे, एस कुमार मिर्चे, चिंता पटेल, ऊदल धुर्वे आदि शामिल रहे।

# पेट्रोलिंग भवन बना सोसायटी केंद्र, जंगल सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत चतरी में वन विभाग द्वारा जंगल की सुरक्षा के उद्देश्य से लाखों रुपए की लागत से निर्मित पेट्रोलिंग भवन के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जिस भवन का निर्माण वन कर्मियों के ठहरने और नियमित पेट्रोलिंग के लिए किया गया था, उसे वर्तमान में सोसायटी संचालन के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में पदस्थ वन रक्षक, जिन्हें हाल ही में डिप्टी रेंजर के पद पर पदोन्नत किया गया है, पेट्रोलिंग भवन में निवास नहीं करते। बताया जाता है कि वे अपनी सुविधा के अनुसार पंडरिया में रहते हैं और कभी-कभार ही क्षेत्र में आते हैं। वन कर्मियों की नियमित अनुपस्थिति के कारण जंगल की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में नदी से अवैध रेत खनन और जंगल से लकड़ी के अवैध परिवहन की घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जंगल को पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि पेट्रोलिंग भवन का उपयोग उसके मूल उद्देश्य के लिए सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित अधिकारी क्षेत्र में नियमित रूप से उपस्थित रहकर जंगल की सुरक्षा को सुदृढ़ करें।

## रोजगार एवं आवास दिवस पर निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं का होगा निराकरण

**कवर्धा।** शासन के निर्देशानुसार 07 अप्रैल 2026 को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में रोजगार एवं आवास दिवस के साथ चावल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास व आजीविका संवर्धन से जुड़े विभिन्न जन कल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सभी प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं मांग के आधार पर नए कार्य प्रारंभ करने पर चर्चा की जाएगी। जल संरक्षण के लिए मोर-गांव-मोर-पानी, मोर तरिया अभियान में नवा तरिया-आय के जरिया अभियान अंतर्गत समस्त संकुल स्तरीय संगठन के लिए नवा तरिया निर्माण करने उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन हेतु ग्रामीणों से चर्चा होगी। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार एवं आवास दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास के निर्माण को गति देने के लिए ग्रामीणों से विचार विमर्श होगा। निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान,सामग्रियों की आपूर्ति सहित हितग्राहियों को आजीविका से जोड़ने पर बातचीत की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास एवं जनमन आवास को 90 दिवस में पूर्ण करने के लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर कार्य योजना बनाई जाएगी। सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार एवं आवास दिवस आयोजन करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं नए निर्देशों से ग्रामीणों को परिचित कराना है। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने आगे बताया की रोजगार एवं आवास दिवस के साथ चावल उत्सव मनाया जाएगा और विभाग अंतर्गत अन्य महत्वपूर्ण विषय पर ग्रामीणों का ज्ञानवर्धन किया जाना है। ज्ञात हो की प्रत्येक माह की 7 तारीख को प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतो में रोजगार एवं आवास दिवस के साथ चावल उत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में भागीदारी करते हैं। जिला प्रशासन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 7 अप्रैल को चावल उत्सव के साथ रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किए जाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# कवर्धा मुख्यालय से चार सटोरिये गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला पुलिस प्रशासन की तथा कथित लगातार की कार्यवाही के बाद भी जिले में जुआ सट्टा का अवैध धंधे में लगाम लगते नहीं दिखाई दे रही है। हाल ही में पिपरिया पुलिस द्वारा एक सटोरिया को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने फिर चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 04 अलग-अलग मामलों में सट्टा संचालित करते हुए आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उनके पास से कुल नगदी रकम 6715 रुपए एवं सट्टा पट्टियां, डॉट पेन जब्त की है। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध सट्टा एवं जुआ कारोबार के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दबिश दी गई, जिससे सट्टा कारोबार में लिप्त आरोपियों में हड़कंप मच गया। पुलिस की तेज कार्रवाई के चलते मौके से भागने का प्रयास कर रहे आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। कवर्धा कोतवाली पुलिस ने बताया कि अपराध क्रमांक 129/2026 धारा 06 जुआ एक्ट के तहत आरोपी राम कुमार




गन्धर्व पिता स्व. चैतराम गन्धर्व उम्र 40 वर्ष निवासी गंगा नगर वार्ड क्रमांक 07 कवर्धा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी 1065 रुपए, 02 नग सट्टा पट्टी एवं एक नीली स्याही का डॉट पेन जब्त किया गया। अपराध क्रमांक 130/2026 धारा 06 जुआ एक्ट के तहत आरोपी रूपेश चंद्रवंशी पिता परमेश्वर चंद्रवंशी उम्र 35 वर्ष निवासी आदर्श नगर कवर्धा को गिरफ्तार कर उसके पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 2520 रुपये जब्त की गई। वहीं अपराध क्रमांक 131/2026 धारा 06 जुआ एक्ट के तहत आरोपी तारकेश सिंह पिता गयाराम सिन्हा उम्र 37 वर्ष निवासी गंगानगर वार्ड क्रमांक 07 कवर्धा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 03 नग सट्टा पट्टी, 01 नग नीला डॉट पेन एवं नगदी 2550 रुपए जब्त किया गया। इसी प्रकार अपराध क्रमांक 132/2026 धारा 06 जुआ एक्ट के तहत आरोपी लोकेश मेरी पिता कुमार मेरी उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 आदर्श नगर कवर्धा को सट्टा पट्टी लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसके कब्जे से नगदी 580 रुपये, 02 नग सट्टा पट्टी एवं एक नीली स्याही का डॉट पेन जब्त किया गया। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी की गई है एवं विधिवत कार्यवाही की जा रही है। कबीरधाम पुलिस द्वारा स्पष्ट चेतावनी दी जाती है कि जिले में सट्टा, जुआ, ऑनलाइन सट्टा या अन्य किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## कलेक्टर ने पचराही में निर्माणाधीन गौधाम का किया निरीक्षण, परखी गुणवत्ता

# निर्धारित मानकों में उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करें काम : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा।

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र बोड़ला विकासखंड के ग्राम पचराही में पशु संरक्षण और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत गौ प्रशिक्षण केंद्र सह गौधाम का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। लगभग 10 एकड़ में विकसित हो रहा यह प्रोजेक्ट न केवल निराश्रित गौवंश के संरक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर भी तैयार करेगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न संरचनाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। इस गौधाम में आधुनिक सुविधाओं के साथ पशुओं के लिए शेड, उपचार कक्ष, प्रशिक्षण भवन सहित विभिन्न आवश्यक अधोसंरचनाओं का निर्माण



किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन शेड, मेडिसिन कक्ष और प्रशिक्षण भवन का बारीकी से जायजा लिया तथा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्यस्थल पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। इस गौधाम में निराश्रित एवं परित्यक्त गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाएगा। साथ ही यहां स्थापित गौ प्रशिक्षण केंद्र में गोबर, गोमूत्र एवं अन्य गौ-उत्पादों से विभिन्न उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे स्थानीय ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। गौरतलब है कि गौधाम परिसर में पशु शेड (चार भागों में), बीमार पशुओं के लिए अलग शेड, बछड़ों के लिए विशेष शेड, प्रशिक्षण शेड, मेडिसिन कक्ष, चैकीदार आवास, चेन लिंक फेंसिंग, ट्यूबवेल एवं विद्युतीकरण जैसे विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। यह परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में पशुपालन और गौ-आधारित आजीविका को नई दिशा देगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, अधीक्षक भू अभिलेख गजेंद्र साहू, तहसीलदार हुलेश्वर पटेल, जनपद सीईओ बोड़ला आकाश राजपूत, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र में आए हिरन का कुत्तों ने किया शिकार, मौत

- लगातार बढ़ती तपिश से जिले के जंगलों में भी पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

लगातार बढ़ती तपिश के बीच जहां जिले के आबादी क्षेत्र में जल संकट गहरा रहा है वहीं जिले के जंगलों के भीतर भी प्राकृति जल स्त्रोतों के सूखने के कारण वन्य जीवों के सामने पानी की समस्या खड़ी होती दिखाई दे रही है और वे पानी और भोजन की तलाश में अब जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं।

जिससे न केवल उनकी जान पर खतरा मंडरा रहा है बल्कि मानव एवं वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं भी सामने आ रही है। जिसका एक उदाहरण हाल ही में जिले के विकासखण्ड पंडरिया में देखने मिली है जहां शिकार की नियत से ग्रामीणों ने एक वन्यप्राणी बायसन को तीर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

इसी कड़ी में बीते रविवार को पंडरिया क्षेत्र के ग्राम घोघरा में जंगल से भटककर आए एक हिरन का आवारा कुत्तों ने शिकार कर मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है कि भीषण गर्मी और पानी की तलाश में भटकते एक हिरन पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। जान बचाने के लिए हिरन भागते हुए बस्ती में घुस आया, लेकिन तब तक कुत्तों ने उसके पैरों के ऊपरी हिस्से को बुरी तरह काट दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बस्ती के लोगों ने सतकर्ता दिखाते हुए घायल हिरन को पकड़कर सुरक्षित किया और तत्काल वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और पशु चिकित्सक के आने तक हिरन की निगरानी करती रही, लेकिन इलाज मिलने से पहले ही हिरन ने दम तोड़ दिया। वन विभाग एवं पशु चिकित्सक की मौजूदगी में हिरन का पोस्टमार्टम किया गया और नियमानुसार उसका अंतिम निपटान कर दिया गया। इन हालातों में माना जा रहा है कि वन विभाग को जिले के जंगलों में वन्यप्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि उन्हें भोजन और पानी के लिए भटकना न पड़े।